# PROTECTIVE SERVICES OFFICER



**VICTORIA POLICE** ऐसे लोगों की तलाश कर रही है जो

**PROTECTIVE SERVICES OFFICER (PSO)** की भूमिका निभा सकते हैं।

## PSO का कार्य क्या होता है?

PSO को रेल नेटवर्क का उपयोग करने वाले 400,000 यात्रियों की सुरक्षा करने के लिए हर दिन 6:00 बजे शाम से 3:00 बजे रात तक पूरे विक्टोरिया-भर के रेलवे स्टेशनों पर तैनात किया जाता है। PSO निम्नलिखित के लिए जिम्मेदार होते हैं:

- ट्रेन में अग्रक्रियात्मक तरीके से यात्रियों की निगरानी करना और एक दृश्य उपस्थिति बनाए रखना
- सामान्य पूछताछ में जनता की सहायता करना
- सलाह प्रदान करना और यह सुनिश्चित करना कि समुदाय सुरक्षित महसूस करता है
- शराब, मादक-पदार्थों से संबंधित अपराधों और संपत्ति के नुकसान जैसे समाज-विरोधी व्यवहार के प्रकरणों को संबोधित करना

VICTORIA POLICE

## क्या मैं एक PSO बनने के लिए पात्र हूँ?

Victoria Police के लिए एक PSO के रूप में काम करने हेतु पात्र होने के लिए आपको निम्नलिखित प्रवेश आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:

**ऑस्ट्रेलियाई नागरिक या ऑस्ट्रेलियाई स्थायी निवासी होना**
Victoria Police में शामिल होने के लिए आपको एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक या ऑस्ट्रेलियाई स्थायी निवासी होना चाहिए।

**अच्छे चरित्र और प्रतिष्ठा का प्रदर्शन करना**
Victoria Police चयन प्रक्रिया के दौरान Protective Services Officer आवेदकों की व्यापक पृष्ठभूमि जाँच करती है। Victoria Police के पूर्व के इतिहास के दिशा-निर्देशों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वैबसाइट www.policecareer.vic.gov.au/pso/forms-pso देखें।

**न्यूनतम चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करना**
आपके लिए Victoria Police की चिकित्सा नीति के अनुसार न्यूनतम चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करना आवश्यक होगा। Victoria Police के चिकित्सा दिशा-निर्देशों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए वैबसाइट www.policecareer.vic.gov.au/pso/forms-pso देखें।

**अंग्रेज़ी में अच्छी संचार-कुशलता का प्रदर्शन करना**
आपके लिए एक PSO आवेदक के रूप में दिखाई जाने वाली बहुत सी बुनियादी कुशलताओं में से एक है - अंग्रेज़ी में अच्छी तरह से संवाद करने की क्षमता। इसका अर्थ यह है कि ऐसे स्तर पर अंग्रेज़ी में पढ़ने, लिखने, सुनने और मौखिक रूप से संचार करने की क्षमता होना जिससे कि आप एक संचालन संदर्भ की भूमिका में कर्तव्यों का निष्पादन प्रतिस्पर्धी तरीके से कर सकें।

नोट: Victoria Police द्विभाषी संचार कुशलता वाले रंगरूटों में भी विशेष रूप से दिलचस्पी रखती है, जो जनता के किसी सदस्य से अपनी मूल भाषा में बात करने और अंग्रेज़ी में वापिस जानकारी देने में सक्षम होते हैं।

**अगर 21 वर्षों से कम की आयु हो, तो शैक्षिक योग्यता का प्रमाण उपलब्ध कराना**
यदि आपकी आयु 21 वर्षों से कम है, तो आपको प्रेरण से पहले विक्टोरियन सर्टिफिकेट ऑफ एजुकेशन (VCE) या इसके समकक्ष (सीनियर लेवल विक्टोरियन सर्टिफिकेट ऑफ एप्लाइड लर्निंग (VCAL) स्वीकार किया जाता है) को पास करना आवश्यक है।

**एक विक्टोरियाई ड्राइविंग लाइसेंस होना**
प्रेरण के समय आपके पास एक वर्तमान विक्टोरियाई ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। ऑटोमैटिक या मैनुअल लाइसेंस दोनों स्वीकार्य है।

## ऐसी अन्य क्या महत्वपूर्ण जानकारी है जिसे मुझे एक PSO बनने के लिए आवेदन करने से पहले ध्यान में रखना चाहिए?

- एक PSO के रूप में आप शाम की एक स्थाई शिफ्ट में प्रति पखवाड़े 80 घंटे कार्य करेंगे/करेंगी (आरम्भ का समय 3:00 बजे दोपहर से लेकर 7:00 बजे शाम तक के बीच होगा और खत्म होने का समय रात में 2:00 बजे से 3:00 बजे तक के बीच होगा)
- एक PSO के रूप में आप संघर्ष, हिंसक अपराधियों और नशीली दवाओं व शराब से प्रभावित लोगों के संपर्क में आएंगे/आएंगी
- एक PSO के रूप में देश के कानूनों को बनाए रखने के लिए आपसे अपने व्यक्तिगत, धार्मिक और राजनीतिक विचारों को अनदेखा करने की अपेक्षा की जाएगी
- एक PSO के रूप में आपको अपने साथ एक पिस्तौल रखना आवश्यक होगा
- एक PSO के रूप में ड्यूटी के समय और इसके अतिरिक्त समय में आपका आचरण स्वयं को और Victoria Police को प्रतिबिंबित करेगा। यह व्यवहार एक उच्च स्तर का होना चाहिए और इसे Victoria Police के मूल्यों को प्रतिबिंबित करना चाहिए
- एक PSO के रूप में आपको एक निजी वाहन का उपयोग करने की आवश्यकता होगी जोकि आपको कार्यस्थल ले जा सके और वहाँ से वापिस ला सके, क्योंकि आपके शिफ्ट के खत्म होने के समय तक सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बंद हो चुकी होंगी
- एक PSO के रूप में आपको यह व्यक्त करने का अवसर दिया जाएगा कि प्रशिक्षण के बाद आप किस क्षेत्र में तैनात किया जाना पसंद करेंगे/करेंगी; लेकिन यह उपलब्धता पर निर्भर होगा

## PSO के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया क्या है?

एक आवेदक के रूप में आपको Victoria Police के साथ रोजगार के लिए चयनित किए जाने से पहले निम्न चरणों का पालन करना आवश्यक होगा:

| | |
|---|---|
| चरण 1 | www.policecareer.vic.gov.au पर एक ऑनलाइन आवेदन जमा करें |
| चरण 2 | एक परीक्षा दें |
| चरण 3 | प्रारंभिक पृष्ठभूमि की जाँच करवाएं |
| चरण 4 | फिटनेस परीक्षण करवाएं |
| चरण 5 | मनोवैज्ञानिक स्क्रीनिंग करवाएं |
| चरण 6 | एक चिकित्सीय परीक्षण करवाएं |
| चरण 7 | पृष्ठभूमि की व्यापक जाँच करवाएं |
| चरण 8 | एक पैनल से साक्षात्कार करवाएं |

## PSO भूमिका का वेतन और लाभ क्या हैं?

- प्रशिक्षण के पहले दिन से प्रतिस्पर्धी आधारभूत वेतन
- वार्षिक वेतन वृद्धि और अतिरिक्त पारी भत्ते
- 9 सप्ताहों का अवकाश (जिसमें 5 सप्ताहों का मनोरंजन अवकाश, 2 सप्ताहों का सार्वजनिक छुट्टियों के एवज में अवकाश और साथ में 10 दिनों का जमा किया गया अवकाश शामिल है)
- सुरक्षा बल अवकाश
- वर्दी दी जाएगी
- रोजगार की सुरक्षा

## एक PSO के रूप में मुझे क्या प्रशिक्षण मिलेगा?

हमारे सभी PSO को Victoria Police के साथ अपने रोजगार के पहले 6 महीनों में निम्नलिखित तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त होगा:

✓ सप्ताह 1 से 12: Victoria Police अकादमी में कानून, संचार कुशलताओं और परिचालन सुरक्षा का प्रशिक्षण (आग्नेयास्त्रों के प्रशिक्षण सहित)

✓ सप्ताह 13 से 24: मेलबोर्न सीबीडी में एक ट्रेन स्टेशन पर एक प्रशिक्षक के साथ प्रशिक्षण

## क्या आपको और अधिक जानकारी की ज़रूरत है?

Victoria Police प्रत्येक सप्ताह मेलबोर्न में और इसके आस-पास PSO जानकारी-सत्रों का आयोजन करती है।

दिनांक और समय की जाँच करने के लिए वैबसाइट www.policecareer.vic.gov.au/pso/info-session देखें

या

अपनी पूछताछ को rsbmarketing@police.vic.gov.au पर ईमेल करें।

VICTORIA POLICE